## प्रपत्र–1.5

**परियोजना का नाम :–** माननीय मुख्यमंत्री घोषणा संख्या 310/2013 के अन्तर्गत जनपद नैनीताल में विधान सभा क्षेत्र लालकुऑ के अन्तर्गत हल्द्वानी बाईपास मार्ग से हल्दूचौड़ इण्डियन ऑयल डिपो तक मार्ग का निर्माण कार्य।

## वनभूमि के मांग का पूर्ण औचित्य

उक्त परियोजना हेतु राज्य योजना के अन्तर्गत शासनादेश सं0 803/III (2)/14–51 (प्रा0आ0) /2013 दि0 07.02.2014 द्वारा ₹ 57.00 लाख की स्वीकृति प्राप्त हुई है (फोटो प्रति प्रस्ताव में संलग्न है)। इस मार्ग के निर्माण से ग्राम दुमकाबंगर, दौलिया नं0–1, देवरामपुर, हाडाग्राम, हल्दूचौड़ जग्गी डी–क्लास, हल्दूचौड़ दौलिया, डुंगरपुर, हिम्मतपुर, हल्दूचौड़ जग्गी, खड़कपुर, बकुलिया किसनपुर सकुलिया, हाथीखाल गौजाजाली, दुर्गापालपुर परमा आदि के स्थानीय ग्रामीण कृषकों को यातायात सुविधा प्राप्त होगी। इस मार्ग के निर्माण से स्थानीय कृषक अपनी कृषि उपज को विक्रय हेतु हल्द्वानी बड़ी मण्डी/बाजार में लाने में सुविधा प्राप्त कर लाभान्वित होगें। वर्तमान में हल्द्वानी–बरेली मार्ग पर भारी यातायात के कारण प्रायः जाम की स्थिति रहती है उक्त मार्ग के निर्माण से तीनपानी से हल्दूचौड़ तक बाईपास के रुप में भी जनता को सुविधा प्राप्त होगी, जिससे हल्द्वानी–बरेली मार्ग पर यातायात का दबाव कम होगा। इस मार्ग के निर्माण से कृषकों की भूमि तथा वन भूमि के बीच मार्ग से एक स्थायी सीमा बन जायेगी, जिससे भविष्य में वन भूमि पर अतिक्रमण की सम्भावनायें नही रहेगी और स्थानीय जनता/कृषको को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रुप से लाभ मिलता रहेगा। उक्त मार्ग वन भूमि की सीमा पर प्रस्तावित है क्योंकि वन भूमि से संलग्न उक्त ग्रामीणों की घनी आबादी है तथा सभी ग्रामीण छोटी श्रेणी के कृषक हैं, जिनकी खेती ही आजिविका का मुख्य साधन होने के कारण अन्य वैकल्पिक भूमि उपलब्ध नही है।

अतः जनहित में इस मार्ग निर्माण हेतु वन भूमि हस्तानतरण प्रस्ताव गठित कर स्वीकृति प्राप्त करने हेतु प्रेषित हैं।

सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो०नि०वि०
हल्द्वानी (नैनीताल)

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो० नि० वि०
हल्द्वानी (नैनीताल)

प्रभागीय वनाधिकारी
तराई पूर्वी वन प्रभाग
हल्द्वानी.